# डायट बड़कोट में पांच दिवसीय अबेकस प्रशिक्षण समापन

उत्तरकाशी। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बड़कोट उत्तरकाशी में पांच दिवसीय अबेकस प्रशिक्षण के द्वितीय चरण का शुक्रवार को समापन किया गया।

समापन में डायट बड़कोट के प्राचार्य संजीव जोशी ने संबोधित करते हुए कहा कि अबेकस छोटे बच्चों के लिए गणित को रोचक बनाता है व साथ ही यह मानसिक गणना विकसित करने में सहायक है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित किया

इस द्वितीय चरण के प्रशिक्षण में जनपद उत्तरकाशी के भटवाड़ी ,डुंडा, नौगांव, पुरोला और मोरी विकासखण्ड के 48 प्राथमिक शिक्षकों द्वारा प्रतिभाग किया गया।इस प्रशिक्षण में संजीव नेगी,स0अ0 रा0प्रा0वि0 गंगाणी व श्री अमित शाह,स0अ0 रा0आ0 प्रा0वि0 कफनौल एम0टी0 की भूमिका में रहे। एम0टी0 के द्वारा अबेकस के माध्यम से गणितीय जोड़ -घटाव को शीघ्रता व सटीकता से करवाने का प्रशिक्षण देकर सभी प्रतिभागियों को अभ्यास करवाया गया। कार्यक्रम का संचालन, समन्वयक श्रीमती बबीता सजवाण के द्वारा किया गया, उनके द्वारा इस प्रशिक्षण की महत्ता को बताते हुए इसे छात्र-छात्राओं तक पहुंचाने हेतु प्रतिभागियों को प्रेरित किया गया। ।इस अवसर पर , हेमू बिष्ट, टीकाराम रावत,ऋचा उनियाल, सुशील जोशी आदि मौजूद रहे।




समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha
Making Maths
Interesting Through Abacus


जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान उत्तरकाशी
बड़कोट (उत्तरकाशी)


प्रशासनिक भवन
एवं प्रशिक्षण संस्थान
शिक्षा - प्रशिक्षण संस्थान


समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha
Making Maths
Interesting Through Abacus
के अन्तर्गत
दिवसीय
Concept
Big friend
Big family